दिनांक 24 मार्च 2018 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के संभाग तृतीय के सभागार में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में एक अन्तरमहाविद्यालय प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता की प्रेरणा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्रबंधन विभागध्यक्षा डॉ० शिल्पा गोयल एवं उनके सहयोगी प्रवक्ताओं के सहयोग से इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में लगभग आठ टीमों ने भाग लिया जो कि विभिन्न महाविद्यालयों से सम्बंधित थी- अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़, गोवेर्मेंट कॉलेज, तिगांव, डी० ए० वी० कॉलेज, फरीदाबाद, सरस्वती महाविद्यालय, पलवल इत्यादि ।

इस प्रतियोगिता में छः चरण हुए । प्रथम चरण में सामान्य ज्ञान विषयों पर, दूसरे चरण में मनोरंजन, तीसरे चरण में व्यावसायिक ज्ञान, चौथे चरण में समसामयिक, पांचवे चरण में तकनीकी एवं छठे चरण में रैपिड फायर प्रश्न पूछे गए । विद्यार्थियों को आठ टीमो में विभाजित किया गया । उसमें से द्वितीय चरण में छः तथा अंतिम चरण में दो टीमों में से अग्रवाल महाविद्यालय संभाग तृतीय के विद्यार्थी लव सिंगला, पूजा सिंह व कार्तिक विजेता रहे और द्वितीय स्थान पर गोवेर्मेंट कॉलेज, तिगांव तथा तृतीय स्थान पर डी० ए० वी० सेन्टरी कॉलेज के विद्यार्थी रहे ।

निर्णायक की भूमिका में डॉ० निधि गर्ग और श्रीमती अंकिता डेहरा रहे । मंच सञ्चालन प्रबंधन विभाग की तृप्ति ने किया । विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ०

कृष्णकांत गुप्ता ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आयोजकों के प्रयास की सराहना की । इस अवसर पर प्रबंधन विभाग के डॉली, वंदना, डॉ० आशिमा एवं सोनिया उपस्थित थे ।